प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 08.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति से विकसित भारत पर एक दिन का सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रही हैं। सम्मेलन के बाद उच्च स्तरीय परिचर्चा होगी और तीन तकनीकी सत्रों का आयोजन होगा। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी इस अवसर पर उपस्थित हैं। महिला दिवस का राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने महिलाओं के कल्याण से जुडी विभिन्न घोषणाएं की। उन्होंने लखपति दीदी योजना में अब एक लाख के ऋण पर ब्याज की दर ढाई प्रतिशत से घटाकर डेढ लाख करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में बीस लाख महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सोलर दीदी का मानदेय कैडर बढ़ाया जायेगा। इसके लिए अगले साल में स्वयं सहायता समूहों की 25 हजार महिलाओं को सोलर दीदी के रूप में प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए सुपोषण न्यूट्री किट की गाईडलाईन जारी की। मुख्यमंत्री ने लाडो प्रोत्साहन योजना में गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर सेविंग बॉन्ड की राशि बढाकर डेढ लाख रूपये करने की घोषणा की। पहले यह राशि एक लाख रूपये थी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के बढते खतरे से निपटने के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस बीच विभिन्न जिलों में भी महिला दिवस पर विभिन्न आयोजन हो रहे है।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज जैसलमेर में लोकदेवता बाबा रामदेव की समाधी पर गये। उन्होंने समाधी के दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। राज्यपाल पोकरण परमाणु स्थल का निरीक्षण भी करेंगे। इससे पहले उन्होंने कल जैसलमेर में जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

00000

जयपुर में आज कॉन्स्टि्टयूशन क्लब का भारतीय सनानत परम्परा और वैदिक संस्कृति से शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित विभिन्न विधायक शिरकत कर रहे है।

00000

हनुमानगढ़ में आज से उन्नत कृषि तकनीकी मेला लगाया जा रहा है। इस मेले का उद्‌देश्य जिले के किसानों को कृषि की उन्नत तकनीक के बारे में जागरूक करना है। ये मेला 10 मार्च तक चलेगा। वहीं एस के डी यूनिवर्सिटी में आज से राजसखी मेला लगाया जा रहा है। मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की ओर से बनाये गये उत्पाद प्रदर्शित किये जायेंगे। 11 मार्च तक चलने वाले इस मेले के दौरान पशुओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा अन्य संवाद कार्यकम होंगे।

00000

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स–आईफा 2025 समारोह आज से जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। आईफा के इस सिल्वर जुबली समारोह के पहले दिन आज डिजिटल अवॉर्ड्स दिये जायेंगे। डिजिटल अवॉर्ड्स पहली बार आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें ओटीटी सितारों को भी सम्मानित किया जाएगा। वहीं कल आईफा अवॉर्ड्स का मुख्य समारोह होगा।

00000

बीकानेर में आज से थिएटर फेस्टिवल शुरू हो रहा है। पांच दिवसीय फेस्टिवल का आयोजन जिला प्रशासन, बीकानेर विकास प्राधिकरण तथा उत्तर–पश्चिम रेलवे के सहयोग से किया जा रहा है। इस दौरान रोजाना विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियां और रंग संवाद कार्यकम होगें।

00000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में बढोतरी से गर्मी का एहसास बढ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त आकंडो के अनुसार अधिकांश जगहों पर तापमान 30 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ है। कल सबसे अधिक 38 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में रिकॉर्ड हुआ। वहीं सबसे कम 8 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान हनुमानगढ के संगरिया में रहा।

00000

राजधानी जयपुर में आज से ग्लोबल बिजनेस समिट आयोजित की जा रही है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाली दो दिन की इस समिट का उद्देश्य स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना है। इसमें 100 से अधिक स्टार्टअप्स, देश–विदेश के उद्यमी और निवेशक हिस्सा लेंगे।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

00000